हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

(तिथि 12 October 2026, समय 1810 (10 मिनट)

****

1)भारत के मुख्य न्यायधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा- सर्वोच्च न्यायालय के दरवाजे सभी के लिए खुले हैं।

2) हरियाणा की मंडियों में कल तक लगभग 17 लाख 25 हजार मीट्रिक टन धान की आवक हुई ।

3) कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा- सरकार औसत से अधिक □दावार हाने □र भी किसान की फसल का एक- एक दाना खरीदेगी ।

4) जनगणना 2027 की राज्य न□डल अधिकारी डा.सुनीता मिश्रा ने प्रधान जनगणना अधिकारियों क□ दूसरे चरण की जनगणना के दौरान हरियाणा में शत –प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ।

5) हरियणा सरकार ने नूहँ जिले के 8 गांवों में नए उ□-स्वास्थ्य केन्द्र ख□लने क□ मंजूरी दी।

****

भारत के मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा ह□ कि सर्वोच्च न्यायालय के दरवाज़े सभी के लिए खुले हैं। किसी भी आम नागरिक या चुने हुए निकाय के सदस्य की याचिका का स्वागत ह□

इंडिया ब्लॉक की मुलाकात की मांग □र न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि उन्हें कल ही मिलने के लिए एक चिट्ठी मिली थी। उन्होंने कहा कि कल रात ही इसका जवाब दे दिया था। उन्हें न मिलने की वजह भी बता दी गई थी।

****

हरियाणा ल□क निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी
मंत्री रणबीर गंगवा ने आज हिसार जिले के बरवाला शहर में शहीद स्मारक एवं सिटी □ार्क का शिलान्यास किया। इस अवसर □र ल□गों क□ सम्ब□धित करते हुए श्री गंगवा ने कहा

कि सिटी पार्क और शहीद स्मारक लगभग साढ़े तीन करोड़ रुपये की लागत से बनकर तैयार होंगे।

श्री गंगवा ने सभी को आश्विन नवरात्रों पर शुभकामनाएं भी दी।

****

हरियाणा की मंडियों में कल तक लगभग 17 लाख 25 हजार मीट्रिक टन धान की आवक हुई है।
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि इसमें से खरीद एजेंसियों ने 10 लाख 78 मीट्रिक टन धान खरीद लिया है और अब तक 4 लाख 19 हजार मीट्रिक टन धान का उठान कर लिया गया है।
श्री राणा ने कि सरकार किसान के एक-एक दाने की खरीद करेगी। उन्होंने कहा कि किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए इस बार धान की खरीद पहली अक्तूबर की बजाय 29 सितंबर से ही आरंभ कर दी गई थी। खरीद का कार्य 15 नवंबर तक जारी रहेगा।

****

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के साथ मजबूती से खड़ी है। सरकार किसानों की फसल का एक-एक दाना खरीदेगी। औसत से अधिक पैदावार होने पर भी फसल को छोड़ा नहीं जाएगा, उसे भी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा।
कृषि मंत्री आज कैथल जिले की विभिन्न अनाज मंडियों का दौरा कर धान की खरीद, उठान, भुगतान और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेते समय यह आश्वासन दिया।
श्री राणा ने कहा कि इसके लिए संबंधित किसान को अपनी उपज का पूरा विवरण लिखित में मंडी सचिव को देना होगा, ताकि जिला स्तरीय समिति के माध्यम से उसका सत्यापन कर रिकॉर्ड में दर्ज किया जा सके।
कृषि मंत्री ने खरीद एजेंसियों को 17 प्रतिशत नमी वाली धान को तुरन्त खरीदने के निर्देश भी दिए।

****

अंबाला छावनी की नई अनाज मंडी में धान की आवक लगातार जारी है।

मार्किट कमेटी के सचिव नीरज भारद्वाज ने बताया कि मंडी में खरीद और उठान का काम सुचारु रूप से जारी है।

श्री भारद्वाज ने कहा कि मार्केट कमेटी की ओर से खरीद के साथ आठ उठान में और तेजी लाने के प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि किसान को उसके खाते में अदायगी शीघ्र हो सके। उन्होंने किसानों से मंडी में अपनी फसल सुखाकर लाने की अपील की ह□लाएं ताकि खरीद जल्द से जल्द करवाई जा सके।

****

जनगणना के दौरान शत-प्रतिशत जनसंख्या कवरेज सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

आज चंडीगढ़ में प्रधान जनगणना अधिकारियों के एक दिवसीय सम्मेलन में उन्होंने निर्देश दिए हैं कि प्रशासन यह भी सुनिश्चित करे कि इस दौरान दोहरी गणना की कोई संभावना न रहे। इसके लिए सख्त जवाबदेही तय की जाए और सभी आवश्यक तैयारियां निर्धारित समय-सीमा में पूरी की जाएं।

सम्मेलन में जनसंख्या गणना से पहले संचालन संबंधी तैयारियों, डिजिटल माध्यम से आंकड़े एकत्र करने, कार्मिकों की तैनाती, क्षेत्रीय निगरानी तथा विभिन्न विभागों के बीच तालमेल पर भी चर्चा की गई।

उन्होंने बताया कि दूसरे चरण में 23 जिलों के अंतर्गत आने वाले 6,522 गांवों और 88 कस्बों में लगभग 70,000 गणना ब्लॉक को कवर किया जाएगा।

****

हरियाणा सरकार ने नूंह जिले के 8 ग्रामीण क्षेत्रों में नए उप-स्वास्थ्य केंद्र खोलने को मंजूरी दी है।

स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा राज्य में 100 नए उप-स्वास्थ्य केंद्र खोले जाने की बजट घोषणा के क्रम में यह प्रशासनिक निर्णय लिया गया है।

इसके अलावा, जी.आई.एस. मैपिंग के माध्यम से यह सुनिश्चित किया गया है कि ये सभी प्रस्तावित स्थल जनसंख्या के मानदंडों और क्षेत्र की आवश्यकताओं को पूरी तरह से पूरा करते हैं। यह स्वास्थ्य केंद्र मानौत, खानपुर घाटी, झारपुरी, सलम्बा, बादली, गुरनावट, □ा□ड़ा और रायपुरी गांवों में इन नए उप-स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना की जाएगी।

****

कुरुक्षेत्र में चावल मिल मालिकों ने आज थानेसर मार्केट कमेटी कार्यालय में धान का उठान ठीक से न होने का आरोप लगाते हुए धरना दिया। चावल मिल मालिकों का आरोप है कि कल हुई बरसात से मंडियों में बाहर पड़ी काफी धान भीग गई है। उनका कहना है कि भीगे हुए धान से चावल देर से निकलता है और उसकी गुणवत्ता भी अच्छी नहीं होगी जिसके चलते एक राइस मिल को 15 से लेकर 20 लाख रुपए तक का नुकसान उठाना पड़ेगा।
जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी नरेश कुमार का कहना है कि अभी तक 47 प्रतिशत धान का उठान हो चुका है। राइस मिलों की कोटा बढ़ाने की भी मांग है, वह इस बारे विभाग और सरकार से बात करेंगे।

****

हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने अश्विन नवरात्र के दूसरे दिन पंचकूला स्थित श्री माता मनसा देवी मंदिर में माथा टेककर विधिवत पूजा-अर्चना की और प्रदेशवासियों की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। पूजा-अर्चना के बाद मंत्री ने माता मनसा देवी श्राइन बोर्ड और वीटा द्वारा संयुक्त रूप से शुरू की गई नई प्रसाद सुविधा के तहत श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। श्राइन बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विवेक आर्या ने बताया की इस पहल का उद्देश्य श्रद्धालुओं को स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण प्रसाद उपलब्ध करवाना है। प्रसाद के आकर्षक डिब्बे में नारियल, बादाम, अखरोट, काजू और किशमिश से युक्त पंचमेवा, रक्षासूत्र, माता की चुनरी, मिश्री और काजू पिन्नी शामिल हैं। श्रद्धालु यह प्रसाद वीटा बूथों के अलावा माता मनसा देवी मंदिर परिसर में श्राइन बोर्ड द्वारा स्थापित विशेष काउंटरों से भी प्राप्त कर सकते हैं।

****